भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2989

जिसका उत्तर 26.03.2025 को दिया जाना है

बुनियादी ढांचा परियोजना कार्यान्वयन में देरी

2989 श्री नीरज डांगी

श्रीमती रंजीत रंजन:

श्रीमती फूलो देवी नेतमः

श्री हरीस बीरन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतमाला और सागरमाला जैसी बुनियादी ढांचा योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं में विलंब और लागत में वृद्धि को दूर करने के लिए राज्य-वार क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) इन योजनाओं के अंतर्गत वर्तमान में कितनी परियोजनाएं विलंबित हैं और ऐसे विलंब के क्या कारण है, और

(ग) इन विलंबों के वित्तीय निहितार्थ क्या हैं तथा परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास एक सतत् प्रक्रिया है। भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं के कार्यान्वयन में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण (एलए) सहित निर्माण-पूर् वकार्यकलापों में विलम्ब, ठेकेदारों को आने वाली वित्तीय कठिनाइयाँ, अप्रत्याशित घटनाएँ और निर्माण सामग्री की कमी आदि के कारण देरी हुई है। इन चुनौतियों से निपटने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए सरकार ने विभिन्न पहल की हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और तेज करना, तेजी से वन और पर्यावरण मंजूरी की सुविधा के लिए परिवेश पोर्टल का पुनर्निर्माण करना, रेलवे से रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज (आरओबी/आरयूबी) के सामान्य व्यवस्था आरेखण (जीएडी) की ऑनलाइन मंजूरी को सक्रिय करना और राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के साथ विभिन्न स्तरों पर समीक्षा बैठकें आयोजित करना शामिल हैं।

(ग) सभी विलंबित परियोजनाओं में वित्तीय निहितार्थ उत्पन्न नहीं नहीं होते हैं। यदि देरी ठेकेदार के कारण नहीं होती है, तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार मूल्य वृद्धि का भुगतान किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त लागत हो सकती है या नहीं भी हो सकती है, जो परियोजना के वास्तविक पूरा होने पर निर्धारित मूल्य वृद्धि के अंतिम मूल्य पर निर्भर करता है। यदि देरी ठेकेदार के कारण होती है, तो हर्जाना लगाया जाता है और देरी के कारण कोई अतिरिक्त लागत प्रदान नहीं की जाती है। सरकार ऐसी विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

******